Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 30-11-2006

Participants : Majhi Shri Shankhlal

an>

Title: Need to construct an unmanned Railway crossing in district Ambedkar Nagar, U.P.

श्री शंखलाल माझी (अकबरपुर) : सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। माननीय रेल मंत्री जी का हिंदुस्तान की रेल को दुनिया की नंबर एक रेल बनाने का जो सपना है, मैं उसको साधुवाद देता हूं। मैंने यह बात रेल बजट के दिन भी कही थी और मैं आज फिर उस सोच को साधुवाद देता हूं। मैंने पहले भी अनुरोध किया था कि हमारे यहां रेलवे के द्वारा जो मऊ से होकर बड़हलगंज वाया फैजाबाद होकर जो लाइन है, उसका सर्वे होने की बात प्रस्तावित है पेपर में भी आयी थी। मेरा निवेदन है कि दोहरीघाट (मऊ) से फैजाबाद के लिए जो बीच का क्षेत्र है, रामनगर, (आलापुर तहसील) टांडा होकर अगर फैजाबाद से जोड़ा जाए, तो इससे नयी रेल सुविधा शुरू होगी। मैं चाहूंगा कि रेल मंत्री जी जो नयी रेल लाइन बड़हलगंज से फैजाबाद होकर आगे बाराबंकी को जोड़ने के लिए प्रस्तावित है, इसको अगर दोहरीघाट (मऊ) , जियमपुर. राजेसुल्तान,आलापुर, हंसवर, होते हुए वाया टांडा से फैजाबाद किया जाए, जहां एक प्रतिठान भी है और एनटीपीसी का बहुत बड़ा पावर स्टेशन भी है। वहां जेपी सीमेंट का भी उद्यम है, इससे वहां के उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।[v50]

हम दूसरी बात कहना चाहते हैं कि अकबरपुर रेलवे लाइन का सौ साल पुराना प्रखंड है। अम्बेडकर नगर और कटहरी के बगल में कटहरी, असरकपुर, बर्बा, नीनामपुर एक मार्ग जाता है। सौ साल पहले उस रेलवे लाइन के अंदर से एक मार्ग बना था।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप हिस्ट्री में मत जाइए, अपनी मांग बताइए।

श्री शंखलाल माझी : मैं वही बता रहा हूं। सौ साल पहले जो निरामपुर मार्ग बना था, वह रेलवे लाइन के नीचे से गया है।अब उसके दोनों तरफ मार्ग बन गया है, लेकिन अभी भी अंदर से रेलवे के नीचे से होकर वह रास्ता गया है। वह इतना नीचा है कि बरसात के दिनों में वहां पानी भर जाता है। उसमें कई जानवर डूबकर मर गए।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप कारणों पर बोल रहे हैं, समाधान पर नहीं बोल रहे हैं। अपनी डिमांड बताइए।

श्री शंखलाल माझी :कटहरी, असरकपुर, बर्बा, नीनामपुर जो रेल मार्ग के नीचे से पुलिया बनी है, बरसातके दिनों में उसके नीचे बहुत पानी जमा हो जाता है जिससे आवागमन का रास्ता अवरुद्ध हो जाता है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप क्या चाहते हैं, वह बताइए, समाधान पर बोलिए।

श्री शंखलाल माझी :हमारी मांग है कि उस रास्ते को ठीक बनाने के लिए रेलवे लाइन के नीचे से जो पुलिया बनी है, उसके ऊपर से समपार फाटक बनाकर उस मार्ग को खोला जाए ताकि बरसात के चार महीने जो रास्ता बंद रहता है, वह खुला रहे।